# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 04-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थानाध्यक्ष खेसरहा द्वारा थानाक्षेत्र में पडने वाले स्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों के साथ बालक-बालिकाओं की सुरक्षा के सम्बंध में थाना स्थानीय पर गोष्ठी की गयी।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश के अनुपालन में, डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के नेतृत्व में आज दिनांक 04.09.2025 को अनूप मिश्रा थानाध्यक्ष खेसरहा द्वारा थाना स्थानीय पर क्षेत्र के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों के साथ मीटिंग की गई जिसमें बालक व बालिकाओं के सुरक्षा तथा अन्य विषयों पर व्यापक बातचीत की गई एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु जागृत किया गया। प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों से विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियम तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों/साइबर अपराधो तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में भी जागरूक करने हेतु बताया गया। जिससे छात्र/छात्राएं निर्भीक होकर शिक्षित एवं सक्षम बनकर आगे बढ़ सकें। इस दौरान थाना खेसरहा के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 04-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 04.09.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे 04 मारपीट तथा शेष 09 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

# प्रेस नोट दिनांक 04-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना बांसी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ड्रोन कैमरा संचालकों के साथ सुरक्षा की दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी द्वारा आज दिनांक 04.09.2025 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ड्रोन कैमरा संचालकों के साथ सुरक्षा की दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर क्षेत्र एवं जनपद के विभिन्न ड्रोन कैमरा संचालकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में ड्रोन कैमरा संचालन से जुड़ी विधिक प्रावधानों, सुरक्षा मानकों तथा ड्रोन के दुरुपयोग की रोकथाम पर विशेष चर्चा की गई तथा ड्रोन प्रचालन अनुमति दिए जाने के सम्बंध में उ0प्र0 ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023 में दिए गये निर्देशों से ड्रोन संचालकों को अवगत कराया गया तथा उच्चाधिकारीगण के द्वारा प्राप्त आदेशो-निर्देशों को बताया गया व आवश्यक हिदायत की गई एवम् उनके कैमरो का विवरण थाना स्थानीय पर उपलब्ध कराए जाने हेतु बताया गया।**

## प्रेस नोट दिनांक 04-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ड्रोन कैमरा संचालकों के साथ सुरक्षा की दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन, पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण में रामदेव थानाध्यक्ष चिल्हिया द्वारा आज दिनांक 04.09.2025 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ड्रोन कैमरा संचालकों के साथ सुरक्षा की दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर क्षेत्र एवं जनपद के विभिन्न ड्रोन कैमरा संचालकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में ड्रोन कैमरा संचालन से जुड़ी विधिक प्रावधानों, सुरक्षा मानकों तथा ड्रोन के दुरूपयोग की रोकथाम पर विशेष चर्चा की गई तथा ड्रोन प्रचालन अनुमति दिए जाने के सम्बंध में उ0प्र0 ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023 में दिए गये निर्देशों से ड्रोन संचालकों को अवगत कराया गया तथा उच्चाधिकारीगण के द्वारा प्राप्त आदेशो-निर्देशों को बताया गया व आवश्यक हिदायत की गई एवम् उनके कैमरो का विवरण थाना स्थानीय पर उपलब्ध कराए जाने हेतु बताया गया।**

# प्रेस नोट- दिनांक 04.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆आगामी त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा-व्यवस्था बनाये रखने व भविष्य मे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर में "बलवा ड्रिल" का कराया गया पूर्वाभ्यास।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन आगामी त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा भविष्य में किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से आज दिनांक 04.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर में पुलिस टीम को दंगा/बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ लाठी चार्ज/आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले/एंटी राइट गन/रबर बुलेट गन/ टीयर गैस गन / हैंड ग्रेनेड / मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास कराया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारीगण, थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्म0गण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट- दिनांक 04.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-मिलादुन्नबी (बारावफात) के दृष्टिगत सीआरपीएफ के जवानों के साथ कस्बा अलीगढ़वा, बजहा बाजार,नोनहवा में रूट मार्च किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में बृजेश सिंह थानाध्यक्ष कपिलवस्तु द्वारा जितेंद्र कुमार ओझा कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल व जगदीप सिंह सहायक कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल की की टीम के साथ आज दिनाँक 04.09.2025 को आगामी त्यौहार ईद-उल-मिलादुन्नबी (बारावफात) को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना कपिलवस्तु के कस्बा अलीगढ़वा, बजहा बाजार, नोनहवा में रूट मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 04.09.2025  जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से दहेज हत्या के आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व ₹10,000/-के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 04-09-2025 को वाद सं0 468/2023 मु0अ0सं0 102/2023 धारा-498A, 304B भा0द0वि0 तथा ¾ दहेज प्रतिषेध अधिनियम में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त सोनू पुत्र सीताराम निवासी दतरंगवा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व ₹10,000/-के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता बेचनराम लोधिया तथा न्यायालय पैरोकार थाना सिद्धार्थनगर आरक्षी अर्जुन का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रेस नोट दिनांक 04.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना मोहाना पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-मिलादुन्नबी (बारावफात) के दृष्टिगत सीआरपीएफ के जवानों के साथ कस्बा बर्डपुर बाजार में रूट मार्च किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन में रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा जितेंद्र कुमार ओझा कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल व जगदीप सिंह सहायक कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल की टीम के साथ रुट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान महत्वपूर्ण स्थान एवं दंगा संभावित स्थानों की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी एकत्रित किया गया। जिससे भविष्य में सांप्रदायिक हिंसा व कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के लिए उस स्थान पर कम से कम समय पर पहुंचा जा सके तथा स्थिति पर नियंत्रण किया जा सके। बारावफात को सकुशल सम्बन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना मोहाना के कस्बा बर्डपुर में रूट मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी।**

# प्रेस नोट दिनांक 04-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के ड्रोन कैमरा संचालकों/स्वामियों के साथ सुरक्षा की दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन आज दिनांक 04.09.2025 को थाना उसका बाजर, कपिलवस्तु, जोगिया उदयपुर, पथरा बाजार व थाना मोहाना द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के ड्रोन कैमरा संचालकों/स्वमियों के साथ सुरक्षा की दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र एवं जनपद के विभिन्न ड्रोन कैमरा संचालकों/स्वामियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में ड्रोन कैमरा संचालन से जुड़ी विधिक प्रावधानों, सुरक्षा मानकों तथा ड्रोन के दुरुपयोग की रोकथाम पर विशेष चर्चा की गई तथा ड्रोन प्रचालन अनुमति दिए जाने के सम्बंध में उ0प्र0 ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023 में दिए गये निर्देशों से ड्रोन संचालकों को अवगत कराया गया तथा उच्चाधिकारीगण के द्वारा प्राप्त आदेशो-निर्देशों को बताया गया व आवश्यक हिदायत की गई एवम् उनके कैमरो का विवरण थाना स्थानीय पर उपलब्ध कराए जाने हेतु बताया गया।

## प्रेस नोट- दिनांक 04-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

### ◆थाना शिवनगर डिड़ई क्षेत्रांर्गत मिला संदिग्ध ड्रोन अभियोग पंजीकृत।

दिनांक 03.09.2025 की रात्रि 11.00 बजे थाना शिवनगर डिड़ई पर एक सूचना प्राप्त हुई कि एक ड्रोन उड़ रहा है, जिससे लोगो मे भय व्याप्त है । पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर उस ड्रोन का पीछा किया गया। आज दिनांक 04.09.2025 को गंगाराम पुत्र राम भरोसे निवासी घुमची थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर खेत मे ड्रोन मिला। गंगाराम उपरोक्त द्वारा ग्रामीणो के साथ आकर थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस पर लिखित सूचना दिये जिस पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.86/2025 धारा 283,289,293 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर लिया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

प्रेस नोट- दिनांक 04-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में त्यौहार वारावफात तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया ।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 04.09.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार वारावफात, अनन्त चतुर्दशी तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया तथा किसी भी अफवाह ध्यान न देने की अपील की गयी ।